Main Test Booklet No.
मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

This Booklet contains **52** printed pages.
इस पुस्तिका में **52** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

Main Test Booklet Code
मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड

**L**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue / black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **L**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. Nos. 1 – 30)* |
| Part II | : Mathematics | *(Q. Nos. 31 – 60)* |
| Part III | : Environmental Studies | *(Q. Nos. 61 – 90)* |
| Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 91 – 120)* |
| Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 121 – 150)* |

6. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of L Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language II (Part V) in a language other than the one chosen as Language I (Part IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो OMR उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं OMR उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड L** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और OMR उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्रश्न सं. 1 – 30)* |
| भाग II | : गणित | *(प्रश्न सं. 31 – 60)* |
| भाग III | : पर्यावरण अध्ययन | *(प्रश्न सं. 61 – 90)* |
| भाग IV | : भाषा I – (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 91 – 120)* |
| भाग V | : भाषा II – (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 121 – 150)* |

6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया L कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा II (भाग V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जाएगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________

: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______________________

findmycollege

find my college

भाग I /PART I

**बाल विकास व शिक्षाशास्त्र/CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**1.** At which level of Kohlberg's moral reasoning, children typically do ***not*** fully understand rules set down by others and society ?

(1) Pre-operational level (2) Conventional level

(3) Pre-conventional level (4) Post-operational level

कोहलबर्ग के नैतिक तर्क के किस स्तर पर बच्चे आमतौर पर दूसरों व समाज द्वारा निर्धारित नियमों को पूरी तरह से ***नहीं*** समझते हैं ?

(1) पूर्व-संक्रियात्मक स्तर (2) पारंपरिक स्तर

(3) पूर्व-पारंपरिक स्तर (4) उत्तर-संक्रियात्मक स्तर

**2.** A constructivist classroom implies :

(1) Emphasis on the role of teacher as an instructor.

(2) Using multiple pedagogical strategies.

(3) Focus on reproduction of knowledge.

(4) Viewing learning as a passive process.

एक रचनावादी कक्षा का तात्पर्य है :

(1) एक प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक की भूमिका पर ज़ोर देना

(2) कई शैक्षणिक रणनीतियों का उपयोग करना

(3) ज्ञान के पुनरुत्पादन पर ध्यान देना

(4) सीखने को एक निष्क्रिय प्रक्रिया के रूप में देखना

**3.** According to Lev Vygotsky's theory, what is meant by the term 'scaffolding' ?

(1) A strategy in which a more knowledgeable person provides support and guidance to help a less knowledgeable person learn a new skill or concept.

(2) A resource material that aids in better recall of concepts.

(3) A metaphorical term for when students are left to learn on their own.

(4) A measurement tool used to assess a student's cognitive development.

लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, 'आलम्बन' (स्कैफोल्डिंग) शब्द का तात्पर्य क्या है ?

(1) एक ऐसी रणनीति जिसमें अधिक जानकार व्यक्ति कम जानकार व्यक्ति को कोई नया कौशल या अवधारणा सीखने में सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

(2) एक संसाधन सामग्री जो अवधारणाओं को बेहतर ढंग से याद रखने में सहायता करती है।

(3) यह एक लाक्षणिक शब्द है जिसका अर्थ है जब विद्यार्थियों को स्वयं सीखने के लिए छोड़ दिया जाता है।

(4) एक ऐसा मापन उपकरण जिसका उपयोग विद्यार्थी के संज्ञानात्मक विकास के आकलन करने के लिए किया जाता है।

find my college

**4.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** At any age, the teacher should focus on what the child cannot do rather than what they can do with help or support.

**Reason (R) :** Lev Vygotsky proposed that learning should include only those behaviours that the child can do independently.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) (A) is true, but (R) false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** किसी भी उम्र में, शिक्षकों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चा क्या नहीं कर सकता है, बजाय इसके कि वे मदद या समर्थन से क्या कर सकते हैं।

**कारण (R) :** लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया है कि सीखने में केवल उन व्यवहारों को शामिल किया जाना चाहिए जो बच्चा स्वतंत्र रूप से कर सकता है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**5.** What should be the purposes of assessement ?

(i) To analyze students' responses to find out what they know and understand

(ii) To identify gaps in knowledge

(iii) To identify effective learning activities

(iv) To assign comparative marks to students

Choose the correct option :

(1) (ii) (iii) and (iv) (2) (i) (iii) and (iv)

(3) (i) and (ii) (4) (i) (ii) and (iii)

आकलन के उद्देश्य क्या होने चाहिए ?

(i) विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण यह पता लगाने के लिए कि वे क्या जानते और समझते हैं

(ii) ज्ञान में अंतर पता लगाने के लिए

(iii) प्रभावी शिक्षण गतिविधियों की पहचान करने के लिए

(iv) विद्यार्थियों को तुलनात्मक अंक देने के लिए

सही विकल्प चुनिए :

(1) (ii) (iii) और (iv) (2) (i) (iii) और (iv)

(3) (i) और (ii) (4) (i) (ii) और (iii)

find my college

**6.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Self-regulation and impulse control should be a vital component of school curriculum.

**Reason (R) :** Socio-emotional skills help students to regulate their own learning.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) false.

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** स्व-विनियमन और आवेग नियंत्रण विद्यालयी पाठ्यक्रम का एक महत्त्वपूर्ण घटक होना चाहिए।

**कारण (R) :** सामाजिक-भावनात्मक कौशल विद्यार्थियों को अपने स्वयं के सीखने को विनियमित करने में मदद करते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(2) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

**7.** The processes of problem-solving are hindered by :

(1) Analogical thinking (2) Heuristics

(3) Functional fixedness (4) Use of algorithms

समस्या-समाधान की प्रक्रियाएँ किससे बाधित होती हैं ?

(1) सादृश्य सोच से (2) अन्वेषण से

(3) प्रकार्यात्मक स्थिरता से (4) कलन-विधि के उपयोग से

**8.** Development of children is :

(1) accurately predictable (2) a simple unitary process

(3) a unified process (4) disorderly and erratic

बच्चों का विकास :

(1) का सटीक अनुमान लगाया जा सकता है (2) एक सरल एकात्मक प्रक्रिया है

(3) एक एकीकृत प्रक्रिया है (4) अस्त-व्यस्त और अव्यवस्थित है

**9.** Growth of the body and brain, sensory capabilities and motor skills are a part of :

(1) Sensory motor development (2) Cognitive development

(3) Physical development (4) Social development

शरीर और मस्तिष्क की वृद्धि, संवेदी क्षमताएँ और गतिक कौशल किसके हिस्से हैं ?

(1) संवेदी चालक विकास (2) संज्ञानात्मक विकास

(3) शारीरिक विकास (4) सामाजिक विकास

find my college

**10.** Which of the following factors contribute to growth and development during early childhood ?

(i) Cultural practices

(ii) Nutrition

(iii) Play opportunities

(iv) Quality of education

Choose the correct option :

(1) (i) and (ii) only

(2) (i), (ii), (iii) and (iv)

(3) (ii), (iii) and (iv) only

(4) (ii) and (iii) only

निम्नलिखित में से कौन-से कारक प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान वृद्धि और विकास में योगदान देते हैं ?

(i) सांस्कृतिक प्रथाएँ

(ii) पोषण

(iii) खेल के अवसर

(iv) शिक्षा की गुणवत्ता

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल (i) और (ii)

(2) (i), (ii), (iii) और (iv)

(3) केवल (ii), (iii) और (iv)

(4) केवल (ii) और (iii)

**11.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** To ensure assessment for learning, teacher-made tasks should be included for providing feedback to support student learning rather than the use of standardised outcome performances.

**Reason (R) :** Standardized tests are more aligned with the assessment of learning rather than assessment for learning.

(1) (A) is true, but (R) false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** अधिगम के लिए मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए मानकीकृत परिणाम प्रदर्शन के उपयोग के बजाय विद्यार्थी सीखने का समर्थन करने के लिए प्रतिपुष्टि प्रदान करने के लिए शिक्षक द्वारा किए गए कार्यों को शामिल किया जाना चाहिए।

**कारण (R) :** मानकीकृत परीक्षण अधिगम के लिए आकलन के बजाय अधिगम के आकलन के साथ अधिक संरेखित होते हैं।

(1) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) और (R) दोनों ग़लत है।

find my college

**12.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Teachers should not associate learning with strict discipline because children do not learn effectively in an environment of fear and stress.

**Reason (R) :** Early childhood is a sensitive period for the development of language.

(1) Both (A) and (R) are false.

(2) (A) is true, but (R) false.

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को अधिगम को सख्त अनुशासन से नहीं जोड़ना चाहिए क्योंकि बच्चे डर और तनाव के माहौल में प्रभावी ढंग से नहीं सीखते हैं।

**कारण (R) :** प्रारंभिक बाल्यावस्था भाषा के विकास के लिए एक संवेदनशील अवधि है।

(1) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(2) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**13.** According to Jean Piaget, intelligence is the ability to make changes in __________, the basic building blocks for learning.

(1) Cognitive maps (2) Schemas

(3) Concepts (4) Associations

जीन पियाज़े के अनुसार बुद्धि, __________ (सीखने के लिए बुनियादी नींव) में परिवर्तन करने की क्षमता है।

(1) संज्ञानात्मक मानचित्र (2) स्कीमा

(3) अवधारणाओं (4) संघों

**14.** Which of the following statements about gifted children is correct ?

(1) Gifted children come up with novel and original solutions to given problems.

(2) Gifted children excel in all areas of academics as well as in extra-curricular activities.

(3) Gifted children have superior academic, social as well as emotional skills.

(4) Gifted children have a high degree of mental ability in specific domain of knowledge.

प्रतिभाशाली बच्चों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) प्रतिभाशाली बच्चे दी गई समस्याओं के लिए नए और मूल समाधान लेकर आते हैं।

(2) प्रतिभाशाली बच्चे शिक्षा के सभी क्षेत्रों के साथ-साथ अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

(3) प्रतिभाशाली बच्चों में बेहतर शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल होते हैं।

(4) प्रतिभाशाली बच्चों में ज्ञान के विशिष्ट क्षेत्र में उच्च स्तर की मानसिक क्षमता होती है।

find my college

**15.** Constructivist approaches of knowledge construction encourage students to :

(1) Rote-memorize the content.
(2) Interact and collaborate with peers.
(3) Follow singular way of solving a problem.
(4) Cast-off their cultural understandings.

ज्ञान निर्माण के संरचनावादी दृष्टिकोण विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे :

(1) विषय-वस्तु को यंत्रवत् रटें।
(2) अपने सहपाठियों के साथ बातचीत और सहयोग करने में शामिल हों।
(3) एक समस्या का समाधान करने के लिए केवल एक ही तरीका अपनाएँ।
(4) अपनी सांस्कृतिक समझ को त्याग दें।

**16.** In Jean Piaget's theory, intelligence is about the development of :

(1) Ability to use cultural tools
(2) Control over one's basic instincts
(3) Emotional maturity
(4) Cognitive schemas

जीन पियाज़े के सिद्धांत में, बुद्धिमत्ता किसके विकास के बारे में है ?

(1) सांस्कृतिक उपकरणों का उपयोग करने की क्षमता
(2) अपनी मूल प्रवृत्ति पर नियंत्रण रखना
(3) भावनात्मक परिपक्वता
(4) संज्ञानात्मक स्कीमा

**17.** Early symptoms of cerebral palsy can be identified by long delay in ____________.

(1) reading and writing
(2) understanding and comprehension
(3) visual recognition of objects
(4) fine motor and gross motor skills

प्रमस्तिष्क घात के प्रारंभिक लक्षणों को ____________ में लंबे विलंब से पहचाना जा सकता है।

(1) पढ़ने और लिखने
(2) समझ और बुझने की क्षमता
(3) वस्तुओं की दृश्यक पहचान
(4) सूक्ष्म गतिक और स्थूल गतिक कौशल

**18.** Which of the following age-group corresponds to middle childhood ?

(1) 12 – 16 years
(2) 3 – 5 years
(3) 6 – 11 years
(4) Birth to 2 years

निम्नलिखित में से कौन-सा आयु-समूह मध्य बाल्यावस्था के अंतर्गत आता है ?

(1) 12 – 16 वर्ष
(2) 3 – 5 वर्ष
(3) 6 – 11 वर्ष
(4) जन्म से 2 वर्ष तक

**19.** Dyslexia is a ___________.

(1) Developmental autoimmune disorder
(2) Developmental reading disorder
(3) Developmental writing disorder
(4) Developmental motor disorder

पठनवैकल्य (डिस्लेक्सिया) एक ___________ है।

(1) विकासात्मक स्व-प्रतिरक्षित विकार
(2) विकासात्मक पठन विकार
(3) विकासात्मक लेखन विकार
(4) विकासात्मक गतिक विकार

find my college

**20.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Effective teaching involves presenting information to students in an organized manner and provide opportunities for discussion.

**Reason (R) :** Learning is primarily a process of memorization and reproduction of information.

(1) (A) is true, but (R) false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** प्रभावी शिक्षण में विद्यार्थियों को एक संगठित तरीके से जानकारी प्रस्तुत करना और चर्चा के अवसर प्रदान करना शामिल है।

**कारण (R) :** अधिगम प्राथमिक रूप से सूचना को याद रखने और पुनरुत्पादित करने की एक प्रक्रिया है।

(1) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

**21.** In order to nurture critical thinking skills among students, a teacher should design and deliver activities which demand :

(i) Logical reasoning and analysis.

(ii) Mere retrieval of previously learnt concepts.

(iii) Rote rehearsal and memorization.

(iv) Synthesis and evaluation of information.

Choose the correct option :

(1) (i) and (ii) (2) (i) and (iv)

(3) (ii) and (iii) (4) (ii) and (iv)

विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन के कौशलों को विकसित करने के लिए, एक शिक्षिका को ऐसी गतिविधियाँ तैयार और करवानी चाहिए जो :

(i) तार्किक तर्कशक्ति और विश्लेषण की माँग करें।

(ii) पहले सीखी हुई अवधारणाओं की केवल पुन:प्राप्ति की माँग करें।

(iii) यंत्रवत् याद करने और रटने की माँग करें।

(iv) जानकारी के संश्लेषण और मूल्यांकन की माँग करें।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (i) और (ii) (2) (i) और (iv)

(3) (ii) और (iii) (4) (ii) और (iv)

find my college

**22.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Inclusion incorporates acceptance of differences and ensuring that all forms of exclusion are removed.

**Reason (R) :** Diversity should be valued rather than looking at it as an obstacle.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) false.

(4) Both (A) and (R) are false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** समावेशन में विभिन्नताओं की स्वीकृति होती है एवं यह सुनिश्चित करता है कि बहिष्करण के सभी रूप हटा दिए जाएँ।

**कारण (R) :** विविधता को एक बाधा के रूप में देखने के बजाय उसे महत्त्वपूर्ण मानना चाहिए।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(4) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

**23.** How should a teacher deal with students who are distracted in her class ?

(1) Call the parents and threaten to give severe punishment to the children

(2) Divide the class into manageable groups and let them learn cooperatively

(3) Offer material rewards for every class that they are attentive in

(4) Give them severe punishment

एक शिक्षक को अपनी कक्षा में विचलित होने वाले विद्यार्थियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

(1) अभिभावकों को फोन कर बच्चों को कड़ी सजा देने की धमकी देनी चाहिए

(2) कक्षा को प्रबंधनीय समूहों में विभाजित करके उन्हें सहयोगात्मक रूप से सीखने के मौके देने चाहिए

(3) प्रत्येक कक्षा के लिए भौतिक पुरस्कार प्रदान करने चाहिए जिसमें वे ध्यान दें

(4) उन्हें कड़ी-से-कड़ी सजा देनी चाहिए

**24.** Learned patterns of culturally approved masculine and feminine behaviours are referred to as 'Gender ____________'.

(1) constancy (2) roles

(3) stereotypes (4) bias

सांस्कृतिक रूप से स्वीकृत पुल्लिंग और स्त्रीलिंग व्यवहार के सीखे हुए पैटर्न को 'जेंडर ____________' कहा जाता है।

(1) स्थिरता (2) भूमिका

(3) रूढ़िवादिता (4) पूर्वाग्रह

find my college

**25.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Children's development is a direct result of unfolding of genetic codes.

**Reason (R) :** Childhood is a natural biological stage of development.

(1) Both (A) and (R) are false.

(2) (A) is true, but (R) false.

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** बच्चों का विकास आनुवंशिक कोडों के प्रकट होने का प्रत्यक्ष परिणाम है।

**कारण (R) :** बाल्यावस्था विकास का एक प्राकृतिक जैविक चरण है।

(1) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(2) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

**26.** Children demonstrate ___________ when they add the new schema for recognizing 'horses' to their other systems for identifying animals.

(1) Assimilation (2) Metacognition

(3) Scaffolding (4) Accommodation

बच्चे ___________ प्रदर्शित करते हैं जब वे जानवरों की पहचान करने के लिए अपनी मानसिक संरचना में 'घोड़ों' को पहचानने के लिए नया स्कीमा जोड़ते हैं।

(1) समावेशन (2) अधिसंज्ञान

(3) आलम्बन (4) समायोजन

**27.** Which of the following is an effective teaching strategy for children with Attention Deficit Hyperactivity Disorder ?

(1) Giving tasks that require multi-tasking

(2) Scheduling long and non-stop lectures

(3) Using visual aids and hands-on activities

(4) Providing constant critical verbal feedback

ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार वाले बच्चों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रभावी शिक्षण रणनीति है ?

(1) ऐसे कार्य देना जिनमें बहु-कार्य की आवश्यकता हो

(2) लंबे और बिना-रुके व्याख्यान करना

(3) दृश्यक सामग्री और हाथों से करने वाली गतिविधियों का उपयोग करना

(4) निरंतर महत्त्वपूर्ण मौखिक प्रतिक्रिया प्रदान करना

find my college

**28.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Teachers in middle classes often have different expectations from boys and girls.

**Reason (R) :** Beliefs about 'sex' differences inform stereotypes, which often leads to just two labels — boys and girls.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) (A) is true, but (R) false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षकों को अकसर लड़कों और लड़कियों से अलग-अलग उम्मीदें होती हैं।

**कारण (R) :** 'लैंगिक' मतभेदों के बारे में विश्वास रूढ़िवादिता को सूचित करते हैं, जो अकसर केवल दो नामीकरण — लड़के और लड़कियों में वर्गीकृत करते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**29.** Which of the following order of presenting the concepts favours effective learning ?

(1) Abstract to concrete

(2) Known to unknown

(3) Complex to simple

(4) Iconic to symbolic

अवधारणाओं को प्रस्तुत करने का निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम प्रभावी अधिगम के पक्ष में है ?

(1) अमूर्त से मूर्त

(2) ज्ञात से अज्ञात

(3) जटिल से सरल

(4) प्रतिष्ठित से प्रतीकात्मक

**30.** Lev Vygotsky's theory has been criticized for :

(1) Giving importance to students instead of teachers in the process of learning.

(2) Considering prominence of emotional factors in forming motivation for learning.

(3) Overlooking the role of genetics and biology in the course of learning.

(4) Emphasizing biological influences in the process of development at the expense of socio-cultural factors.

लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत की आलोचना :

(1) अधिगम की प्रक्रिया में शिक्षकों के बजाय विद्यार्थियों को महत्त्व देने के लिए की गई है।

(2) अधिगम के लिए अभिप्रेरणा को विकसित करने में भावनात्मक कारकों की प्रमुखता पर विचार करने के लिए की गई है।

(3) अधिगम की प्रक्रिया में आनुवंशिकता और जीवविज्ञान की भूमिका को अनदेखा करने के लिए की गई है।

(4) सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की कीमत पर विकास की प्रक्रिया में जैविक प्रभावों पर ज़ोर देने के लिए की गई है।

find my college

## भाग II / PART II

## गणित / MATHEMATICS

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**31.** If 1001 × 121 = 11 × 12111 – 275 × __________, then what is the number at the blank space ?

(1) 42 (2) 88 (3) 44 (4) 22

यदि 1001 × 121 = 11 × 12111 – 275 × __________ है, तो रिक्त स्थान पर कौन-सी संख्या होगी ?

(1) 42 (2) 88 (3) 44 (4) 22

**32.** In Δ ABC, sides BC and BA are produced to D and E, respectively. If ∠ ACD = 120° and ∠ CAE = 130°, then what is the measure of ∠ ABC ?

(1) 80° (2) 75°

(3) 65° (4) 70°

Δ ABC में, भुजा BC और BA को क्रमशः D और E तक बढ़ाया गया है। यदि ∠ ACD = 120° और ∠ CAE = 130° है, तो ∠ ABC की माप क्या है ?

(1) 80° (2) 75°

(3) 65° (4) 70°

**33.** Ravi gives one-fourth of a pizza to Sonu and one-third of the remaining pizza to Priya. He then distributes the remaining pizza equally to Anu, Bobby and Cheema. What fraction of the whole pizza does Cheema get ?

(1) $\frac{1}{9}$ (2) $\frac{1}{12}$ (3) $\frac{1}{6}$ (4) $\frac{5}{36}$

रवि, सोनू को पिज़्ज़ा का एक-चौथाई भाग देता है और शेष पिज़्ज़ा का एक-तिहाई भाग प्रिया को देता है। शेष पिज़्ज़ा को वह अनू, बॉबी तथा चीमा में बराबर-बराबर बाँट देता है। चीमा को पूरे पिज़्ज़ा का कितना भाग प्राप्त होता है ?

(1) $\frac{1}{9}$ (2) $\frac{1}{12}$ (3) $\frac{1}{6}$ (4) $\frac{5}{36}$

**34.** The weight of 20 laddoos is 1 kg. If 8 laddoos can be packed in one box, then how many boxes are required to pack 50 kg laddoos ?

(1) 100 (2) 125

(3) 120 (4) 150

20 लड्डुओं का भार 1 kg है। यदि एक डिब्बे में 8 लड्डू पैक किए जा सकते हों, तो 50 kg लड्डुओं को पैक करने के लिए कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी ?

(1) 100 (2) 125

(3) 120 (4) 150

find my college

**35.** The internal length, breadth and height of a rectangular box are 12 cm, 10 cm and 7 cm, respectively. How many such boxes are needed to pack 6720 centimetre cubes ?

(1) 8 (2) 6 (3) 9 (4) 7

किसी आयताकार डिब्बे की आंतरिक लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 12 cm, 10 cm तथा 7 cm हैं। 6720 सेंटीमीटर घनों को पैक करने के लिए, ऐसे कितने डिब्बों की आवश्यकता है ?

(1) 8 (2) 6 (3) 9 (4) 7

**36.** The LCM of 21, 36, and 66 is ***not*** a multiple of :

(1) 28 (2) 44 (3) 72 (4) 42

21, 36 और 66 का LCM निम्न में से किसका गुणज ***नहीं*** है ?

(1) 28 (2) 44 (3) 72 (4) 42

**37.** If $3024 = p^4 \times q^3 \times r$, where p, q and r are prime numbers, then what is the value of $(3p - 5q + r)$ ?

(1) 2 (2) 0

(3) – 2 (4) – 4

यदि $3024 = p^4 \times q^3 \times r$ है, जहाँ p, q तथा r अभाज्य संख्याएँ हैं, तो $(3p - 5q + r)$ का मान क्या है ?

(1) 2 (2) 0

(3) – 2 (4) – 4

**38.** Which of the following statements is ***not*** true ?

(1) Sum of two acute angles can be equal to a straight angle.

(2) Sum of two acute angles can be equal to an obtuse angle.

(3) Sum of two acute angles can be equal to a right angle.

(4) Sum of an acute angle and an obtuse angle can be equal to a straight angle.

निम्न में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(1) दो न्यून कोणों का योग एक ऋजु कोण के बराबर हो सकता है।

(2) दो न्यून कोणों का योग एक अधिक कोण के बराबर हो सकता है।

(3) दो न्यून कोणों का योग एक समकोण के बराबर हो सकता है।

(4) एक न्यून कोण और एक अधिक कोण का योग एक ऋजु कोण के बराबर हो सकता है।

**39.** What is the sum of the next two numbers in the following pattern ?

13, 17, 19, 23, 29, ____, ____

(1) 68 (2) 69

(3) 71 (4) 67

निम्न पैटर्न में अगली दो संख्याओं का योग क्या है ?

13, 17, 19, 23, 29, ____, ____

(1) 68 (2) 69

(3) 71 (4) 67

find my college

**40.** If the number of faces and edges of a polyhedron is 5 and 8 respectively, then the number of its vertices is :

(1) 8 (2) 15
(3) 10 (4) 5

यदि किसी बहुफलकी के फलकों और किनारों की संख्याएँ क्रमशः 5 और 8 हैं, तो उसके शीर्षों की संख्या है :

(1) 8 (2) 15
(3) 10 (4) 5

**41.** The following table shows the number of students in School ABC, present on different days of a week. Study the table and answer the question :

| **Days** | **Number of students present** |
|---|---|
| Monday | 382 |
| Tuesday | 390 |
| Wednesday | 405 |
| Thursday | 411 |
| Friday | 388 |

The total number of students present on Tuesday and Thursday exceeds the total number of students present on Monday and Friday by :

(1) 33 (2) 32 (3) 37 (4) 31

निम्न सारणी, विद्यालय ABC में एक सप्ताह के भिन्न-भिन्न दिनों में उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या को प्रदर्शित करती है। सारणी का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

| **दिन** | **उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या** |
|---|---|
| सोमवार | 382 |
| मंगलवार | 390 |
| बुधवार | 405 |
| बृहस्पतिवार | 411 |
| शुक्रवार | 388 |

मंगलवार और बृहस्पतिवार को उपस्थित कुल विद्यार्थियों की संख्या, सोमवार और शुक्रवार को उपस्थित कुल विद्यार्थियों की संख्या से कितनी अधिक है ?

(1) 33 (2) 32 (3) 37 (4) 31

**42.** If 112 ones + 12 thousands – 11012 = □ × 25, then the number in the place of □ is :

(1) 44 (2) 52
(3) 54 (4) 42

यदि 112 इकाई + 12 हजार – 11012 = □ × 25 है, तो □ के स्थान पर संख्या है :

(1) 44 (2) 52
(3) 54 (4) 42

find my college

**43.** Which of the following statements is/are true ?

(i) The number of minutes in 6 days is equal to number of seconds in $2\frac{2}{5}$ hours.

(ii) The number of minutes in 10 days is equal to the number of minutes in 120 hours.

(iii) The number of seconds in 2 hours is equal to the number of minutes in 5 days.

(iv) The number of hours in 5 days is equal to the number of seconds in 2 minutes.

Choose the correct option :

(1) (i) and (iii) only
(2) (iii) only
(3) (i), (iii) and (iv)
(4) (ii) and (iii) only

निम्न में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(i) 6 दिनों में मिनटों की संख्या $2\frac{2}{5}$ घंटों में सेकंडों की संख्या के बराबर है।

(ii) 10 दिनों में मिनटों की संख्या 120 घंटों में मिनटों की संख्या के बराबर है।

(iii) 2 घंटों में सेकंडों की संख्या 5 दिनों में मिनटों की संख्या के बराबर है।

(iv) 5 दिनों में घंटों की संख्या 2 मिनटों में सेकंडों की संख्या के बराबर है।

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल (i) और (iii)
(2) केवल (iii)
(3) (i), (iii) और (iv)
(4) केवल (ii) और (iii)

**44.** The cost of 8 pens is ₹ 116 and the cost of 15 pencils is ₹ 67·50. Surbhi has one ₹ 200 note. If she buys 6 pens and 8 pencils, then how many rupees are left with her ?

(1) ₹ 80
(2) ₹ 70
(3) ₹ 74
(4) ₹ 77

8 पेनों का मूल्य ₹ 116 है और 15 पेंसिलों का मूल्य ₹ 67·50 है। सुरभि के पास एक ₹ 200 का नोट है। यदि वह 6 पेन तथा 8 पेंसिल खरीदती है, तो उसके पास अब कितने रुपये बचेंगे ?

(1) ₹ 80
(2) ₹ 70
(3) ₹ 74
(4) ₹ 77

**45.** The difference between the remainder obtained on dividing 2002 by 101 and dividing 2201 by 102 lies between :

(1) 15 and 20
(2) 30 and 35
(3) 20 and 25
(4) 25 and 30

2002 को 101 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल और 2201 को 102 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल में अंतर निम्न के बीच स्थित है :

(1) 15 और 20
(2) 30 और 35
(3) 20 और 25
(4) 25 और 30

find my college

**46.** A student has solved the problem on subtraction in the following way :

$$\begin{array}{r} 604 \\ -\ 86 \\ \hline 524 \end{array}$$

Choose the most apropriate option in the light of solution given by the student :

(1) The student does not know how to do subtraction of two numbers.

(2) The student has extended the algorithm of addition to subtraction.

(3) The student has done a careless mistake.

(4) The student has regrouped both the places of tens and ones as '10'.

एक विद्यार्थी व्यवकलन पर दी गई समस्या को निम्नलिखित तरीके से हल करता है :

$$\begin{array}{r} 604 \\ -\ 86 \\ \hline 524 \end{array}$$

विद्यार्थी द्वारा दिए गए समाधान के आलोक में सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :

(1) विद्यार्थी नहीं जानता की दो संख्याओं का व्यवकलन कैसे करना है।

(2) विद्यार्थी ने योग की कलनविधि को व्यवकलन तक अति विस्तारित किया है।

(3) विद्यार्थी ने असावधानीवश एक त्रुटि की है।

(4) विद्यार्थी ने इकाई और दहाई दोनों स्थानों को '10' की तरह पुन:समूहित किया है।

**47.** Who is the inventor of Multi-base Arithmetic Blocks (MAB) — mathematical manipulatives that can be used by students to build number sense, understand addition, place value and counting ?

(1) Van Hiele

(2) Magdalene Lampert

(3) Hans Freudenthal

(4) Zoltán Dienes

मल्टी-बेस अंकगणित ब्लॉक (MAB) — गणितीय हस्त-कौशल सामग्री का आविष्कार किसने किया, जिनका उपयोग विद्यार्थियों द्वारा संख्या बोध निर्माण, जोड़, स्थानीय मान और गिनती को समझने के लिए किया जा सकता है ?

(1) वैन हील

(2) मैग्डलीन लैम्पर्ट

(3) हंस फ्रॉयडेंथल

(4) ज़ोल्टन डीन्स

find my college

**48.** National Education Policy, 2020 (NEP 2020) does not lay emphasis on ____________.

(1) Learning through activities

(2) Conceptual understanding

(3) Experiential learning

(4) Rote learning

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (NEP 2020) ___________ पर बल नहीं देती।

(1) क्रियाकलापों द्वारा सीखने

(2) अवधारणात्मक समझ

(3) अनुभव-आधारित अधिगम

(4) रटकर याद करने

**49.** Which of the following statements is ***not*** true ?

(1) The Hindu-Arabic numeration system is based on the concept of place value that uses ten as a 'base'.

(2) One-to-one correspondence is a pre-number concept.

(3) There is no distinction between a 'number' and a 'numeral'.

(4) In Hindu-Arabic numeration system, all numbers can be represented using a finite set of digits.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) हिंदू-अरबी संख्यान (न्यूमरेशन) प्रणाली स्थानीय मान की अवधारणा पर आधारित है जो कि दस को एक 'आधार (बेस)' के रूप में उपयोग करती है।

(2) एकैकी संगति एक संख्या-पूर्व (प्री-नंबर) अवधारणा है।

(3) एक 'संख्या' और एक 'संख्यांक' (न्यूमरल) के बीच कोई अंतर नहीं होता है।

(4) हिंदू-अरबी संख्यान (न्यूमरेशन) प्रणाली में, सभी संख्याओं को एक परिमित अंकों के समूह द्वारा निरूपित किया जा सकता है।

**50.** Identify the most appropriate strategy to introduce the concept of multiplication at primary level.

(1) They should be introduced to multiplication symbol.

(2) Children need to be given ample day-to-day examples of multiplication as repetitive addition.

(3) Children should be told to memorize multiplication tables till 20.

(4) They should be told to practice at least 10 multiplication problems every day.

प्राथमिक स्तर पर गुणन की अवधारणा का परिचय कराने की सबसे उपयुक्त कार्यनीति को पहचानिए।

(1) उन्हें गुणन चिह्न से परिचित कराया जाना चाहिए।

(2) बच्चों को पुनरावृत्त योग के रूप में गुणन के दैनिक जीवन से संबंधित पर्याप्त उदाहरण दिए जाने चाहिए।

(3) बच्चों को 20 तक पहाड़े याद करने के लिए कहा जाना चाहिए।

(4) उन्हें प्रतिदिन कम-से-कम 10 गुणा की समस्याओं का अभ्यास करने के लिए कहा जाना चाहिए।

find my college

**51.** If a line is transversal to three lines, then how many angles will be formed ?

(1) 9 (2) 3 (3) 12 (4) 6

यदि एक रेखा, तीन रेखाओं के अनुप्रस्थ है, तब कितने कोण बनेंगे ?

(1) 9 (2) 3 (3) 12 (4) 6

**52.** A primary class mathematics teacher gave his students the following problem to solve :

"If the price of one toy car is ₹ 50, then what would be the cost of 25 such toy cars ?"

One of the students responded, "Ten cars will be ₹ 500; twenty cars will be ₹ 1,000; five cars will be ₹ 250; so the total cost is ₹ 1,250."

What are the heuristics used by the student in the above algorithm ?

(1) Decomposition and associative law

(2) The commutative law of addition

(3) Decomposition and repeated groupings

(4) The associative law of multipliation

प्राथमिक कक्षा के गणित के एक शिक्षक ने अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित समस्या हल करने के लिए दी :

"यदि एक खिलौना गाड़ी की कीमत ₹ 50 है, तो ऐसी 25 खिलौना गाड़ियों की कीमत क्या होगी ?"

एक विद्यार्थी ने जवाब दिया, "दस गाड़ियाँ होंगी ₹ 500 की; बीस गाड़ियाँ होंगी ₹ 1,000 की; पाँच गाड़ियाँ होंगी ₹ 250 की; तो इसलिए कुल कीमत हुई ₹ 1,250 ।"

ऊपर दी गई कलनविधि में विद्यार्थी द्वारा किस स्वत:शोध प्रणाली (ह्यूरिस्टिक्स) का उपयोग किया गया है ?

(1) अपघटन और साहचर्य नियम

(2) योग का क्रमविनिमेय नियम

(3) अपघटन और पुनरावर्ती समूहीकरण

(4) गुणन का साहचर्य नियम

**53.** 'Each prime number has only two factors.' Which method is most appropriate to be followed to prove it in Class VI ?

(1) Synthesis method

(2) Inductive method

(3) Deductive method

(4) Analysis method

'प्रत्येक अभाज्य संख्या के केवल दो गुणनखंड होते हैं ।' कक्षा VI में यह सिद्ध करने के लिए किस विधि का पालन करना सबसे उपयुक्त है ?

(1) संश्लेषण विधि

(2) आगमनात्मक विधि

(3) निगमनात्मक विधि

(4) विश्लेषण विधि

find my college

**54.** 'Infinite series of $\pi$' was invented by __________.

(1) Ramanujan
(2) Bhaskara I
(3) Aryabhata
(4) Mahavira

'$\pi$ की अनंत श्रृंखला' की खोज __________ द्वारा की गई।

(1) रामानुजन
(2) भास्कर I
(3) आर्यभट्ट
(4) महावीर

**55.** Madhu has begun to reason logically and can perform conservation-based activities mentally. According to Jean Piaget, in which stage of cognitive development is Madhu ?

(1) Sensori-motor
(2) Pre-operational
(3) Concrete-operational
(4) Formal-operational

मधु तर्कपूर्ण विवेचन करने लगी है और संरक्षण पर आधारित क्रियाओं को मनोगत करने लगी है। जीन पियाज़े के अनुसार, मधु संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था पर है ?

(1) संवेदी-गामक
(2) पूर्व-संक्रियात्मक
(3) मूर्त-संक्रियात्मक
(4) अमूर्त-संक्रियात्मक

**56.** Which of the following are the misconceptions regarding Comprehensive and Continuous Evaluation (CCE) ?

(i) CCE is nothing but converts marks into grades.
(ii) Teachers have to give home assignment every day to assess children's learning.
(iii) It helps in reducing stress and anxiety in mathematics.
***निर्देश*** *: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. **91** से **99**) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

स्वामी दयानंद ने फर्रुखाबाद में गंगा के किनारे एक झोपड़ी में अपना डेरा डाल रखा था। एक प्रकार से वह एकांतवास कर रहे थे। कैलाश नाम के एक युवक की उन पर बड़ी श्रद्धा थी। वह स्वामीजी के दर्शन के लिए प्रतिदिन आता।

एक दिन की बात है। झोपड़ी के अंदर आते ही वह बोला, 'स्वामीजी, आज मैं आपके पास किसी खास काम से आया हूँ। बात यह है कि मेरे मन में रह-रहकर यह विचार उठता है कि इतनी साधना करने के बाद जब आप मोक्ष प्राप्त करने के अधिकारी हो गए हैं, फिर आप इस संसार की चिंता क्यों करते हैं ?' प्रश्न सुनकर स्वामीजी मुस्करा दिए और बोले, 'कैलाश। यह भी कोई प्रश्न है ? साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि संसार में जहाँ-तहाँ अशांति है। यह संसार अश्रु सागर में डूब रहा है। दुखों की अग्नि में झुलस रहा है, अत्याचारों से त्रस्त है। भला मैं ऐसी स्थिति में उसे नजरअंदाज कैसे कर सकता हूँ ? मैंने केवल अपने मोक्ष प्राप्ति के लिए साधना नहीं की है। मैं मोक्ष प्राप्ति का इच्छुक नहीं हूँ और न ही शांतिपूर्वक मुक्ति चाहता हूँ।'

उन्होंने कहा, 'मैं मुक्त होऊँगा, तो सबको साथ लेकर अन्यथा मुझे मुक्ति नहीं चाहिए। जो लोग परमात्मा की इस कृति जनता से प्यार नहीं करते, वह कितनी भी साधना करे, उसे मोक्ष नहीं मिलेगी और न ही उसके मन को शांति मिलेगी।'

**91.** कैलाश प्रतिदिन स्वामीजी के दर्शन के लिए आता था क्योंकि :

(1) स्वामीजी प्रसिद्ध व्यक्ति थे
(2) उसे स्वामीजी के प्रति आस्था थी
(3) उसे स्वामीजी की सेवा करना अच्छा लगता था
(4) उसे वहाँ आना अच्छा लगता था

**92.** 'स्वामी दयानंद ने गंगा किनारे एक झोपड़ी में डेरा डाल रखा था। एक प्रकार से वह एकांतवास कर रहे थे।' वाक्य से आशय है :

(1) स्वामीजी को अकेले रहना अच्छा लगता था
(2) स्वामीजी गंगा किनारे अकेले रह रहे थे
(3) स्वामीजी गंगा किनारे नगर की भीड़-भाड़ से दूर रहना चाहते थे
(4) स्वामीजी को सांसारिक बातें बहुत अप्रिय थीं

**93.** स्वामीजी गंगा किनारे साधना कर रहे थे क्योंकि :

(1) वे मोक्ष प्राप्त करना चाहते थे
(2) वे जीवन से शांतिपूर्वक मुक्ति पाना चाहते थे
(3) वे स्वयं के साथ अन्यों को भी मोक्ष दिलाना चाहते थे
(4) वे मोक्ष प्राप्ति में विश्वास नहीं रखते थे

**94.** गद्यांश के अनुसार स्वामी दयानंद जी को संसार की चिंता थी क्योंकि :

(1) संसार में शांति थी
(2) संसार में सभी जन सुखपूर्वक रह रहे थे
(3) संसार में सभी जन किसी न किसी कारण से दुखी थे
(4) संसार में सभी जन साधना करना नहीं जानते थे

**95.** कैसे लोगों को मोक्ष नहीं मिलता है ?

(1) जो ईश्वर में आस्था नहीं रखते हैं
(2) जो साधना नहीं करते हैं
(3) जो सदैव दुखी रहते हैं
(4) जो दूसरों से प्रेम नहीं करते हैं

**96.** 'गंगा' का पर्यायवाची ***नहीं*** है :

(1) सुरसरि
(2) जाह्नवी
(3) सरिता
(4) भागीरथी

**97.** यह संसार अश्रु <u>सागर</u> में डूब रहा है। वाक्य में रेखांकित पद के स्थान पर कौन-सा शब्द प्रयोग कर सकते हैं ?

(1) जलद
(2) जलज
(3) जलधि
(4) जलोढ़

find my college

**98.** 'परमात्मा' में समास है :

(1) बहुव्रीहि (2) द्वंद्व
(3) अव्ययीभाव (4) कर्मधारय

**99.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) स्वार्थ (2) साधना
(3) मोक्ष (4) साधक

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

**100.** एक कक्षा में यह प्रयास किया जाता है कि बच्चों का ध्यान भाषा के स्वरूप पर जाए। इसके लिए दीवारों, कक्षा पुस्तकालय, ऑडियो व वीडियो सभी का प्रयोग किया जाता है। इसे किस रूप में वर्णित करेंगे ?

(1) इन्द्रियों के माध्यम से भाषा अभ्यास (2) भाषा अर्जन
(3) निवेश समृद्ध परिवेश (4) भाषा बोधगम्यता

**101.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषायी विकार डिस्लेक्सिया (पठन वैकल्य) का लक्षण है ?

(1) पठन में उलटाव
(2) अक्षरों की आकृति बनाने में कठिनाई
(3) अक्षरों/शब्दों के मध्य असंगत स्पेस
(4) विद्यार्थी मौखिक कौशलों में तो अच्छे हैं परन्तु लेखन कौशलों में कमज़ोर हैं

**102.** पठन कौशलों पर दिए गए कथन पढ़िए :

A. पठन केवल डिकोड करने की योग्यता भर है।
B. बच्चे पठन की क्रिया में संलग्न होकर पठन सीखते हैं।

उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A सही है। (2) केवल B सही है। (3) A और B दोनों सही हैं। (4) A और B दोनों ग़लत हैं।

**103.** व्याकरण शिक्षण का निगमनात्मक उपागम कहता है कि हमें पहले ____________ ।

(1) सम्प्रेषण हेतु अभ्यास के अवसर देने चाहिए (2) ड्रिल के माध्यम से अभ्यास करवाना चाहिए
(3) नियम प्रस्तुत करने चाहिए (4) उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए

**104.** प्रक्रिया लेखन उपागम में पूर्व-लेखन क्या है ?

(1) लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व है जिसमें लेखक संभाव्य टॉपिक और लेखन विचारों की उत्पत्ति करते हैं।
(2) लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व है जिसके दौरान लेखक समझ बनाते हैं कि उन्होंने क्या लिखा है और विषय-वस्तु में परिवर्तन करते हैं।
(3) लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व जिसके दौरान लेखक औपचारिक रूप से अपना कार्य पाठकों तक साझा करते हैं।
(4) लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व है जिसके दौरान लेखक प्रारंभिक विचारों की पहचान करते हैं।

**105.** एक बालिका अपनी रुचि की कहानी की पुस्तक पढ़ती है। इस प्रकार के पठन को क्या कहेंगे ?

(1) बारीकी से पठन (स्केनिंग) (2) गहन पठन (इंटैन्सिव)
(3) विस्तृत पठन (एक्सटैंसिव) (4) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग)

find my college

**106.** बोधगम्य निवेश में क्या शामिल है ?

(1) कक्षा में उद्देश्यों की लिखित प्रस्तुति

(2) विद्यार्थियों का उपयुक्त रूप से समूहीकरण

(3) विभिन्न प्रकार की तकनीकों का प्रयोग जैसे कि हाव-भाव, देह-भाषा, चित्र और वस्तुएँ

(4) अभिभावकों के लिए पाठ्यक्रम और भाषा उद्देश्यों की लिखित प्रस्तुति जिससे कि उन्हें पता रहे कि उनके बच्चों को क्या पढ़ाया जाता है

**107.** उद्गामी साक्षरता के किस सिद्धान्त को वायगोत्सकी का समर्थन ***नहीं*** मिला है ?

(1) ड्रिल और अभ्यास (2) सहयोगात्मक अधिगम (3) बालक निर्देशित खोजबीन (4) वयस्क निर्देशित अधिगम

**108.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** भाषा सम्प्रेषण के लिए एक प्रभावशाली उपकरण है।

**कारण (R) :** भाषा सामाजिक संदेश सम्प्रेषित करने में मदद करती है।

(1) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(2) (R) सही है, लेकिन (A) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**109.** एक बालिका एक अपठित अनुच्छेद पढ़ती है। उसे इस अपठित अनुच्छेद के बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस प्रकार के पठन को क्या कहेंगे ?

(1) विस्तृत पठन (एक्सटैन्सिव) (2) बारीकी से पठन (स्कैनिंग)

(3) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग) (4) विशिष्ट पठन (एक्सक्लूसिव)

**110.** एक अध्यापक कुछ क्रियाएँ (एक्शन) करता है, शिक्षार्थियों को निर्देशानुसार उनका अनुपालन करना है। शिक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे किसी भी प्रकार का भाषिक व्यवहार न करें। इस विधि को क्या कहा जाएगा ?

(1) सम्प्रेषणात्मक उपागम (2) कुल भौतिक प्रतिक्रिया (3) अनुकरण विधि (4) ड्रामा

**111.** एक अध्यापक का यह मानना है कि मुक्त लेखन द्वारा उसके विद्यार्थियों को अपने भाषायी कौशल पुष्ट करने में मदद मिलेगी। मुक्त लेखन को लेखन के किस रूप में जाना जा सकता है ?

(1) वह लेखन जो किसी स्वच्छन्द स्रोत के लिए योजित व लिखा जाए, जिसमें व्याकरणिक रूप से सही वाक्यों पर ध्यान दिया जाए।

(2) वह लेखन जो किसी भी नि:शुल्क स्रोत से लिया गया हो।

(3) वह लेखन जो मुक्त चित्रकारी पर निर्भर करता हो।

(4) वह लेखन जो इस बात पर आधारित है कि जो भी मस्तिष्क में आए उसे नियमों पर ध्यान दिए बगैर नोट किया जाए।

**112.** कक्षा-तीन की अध्यापिका पूरे सत्र के दौरान अपने विद्यार्थियों से अपठित अनुच्छेद, कार्यपत्रक, लेखन कार्य, चित्र वर्णन गतिविधियाँ, कविता पाठ व कथा वाचन करवाती है। उसने सभी शिक्षार्थियों के प्रदर्शन उपलब्धि के सभी रिकॉर्ड रखे हैं और उन्हें उनकी समग्र उपलब्धि प्रदर्शन में शामिल करेगी। आकलन के इस प्रकार के रिकॉर्ड को क्या कहेंगे ?

(1) रचनात्मक आकलन (2) पोर्ट फोलियो (3) योगात्मक आकलन (4) प्रदर्शन

find my college

**113.** कौन-सा उपागम सावधानीपूर्वक चयनित और स्तरवार सामग्री का प्रयोग करता है ?

(1) संरचनात्मक उपागम (2) रचनावादी उपागम (3) सम्प्रेषणात्मक उपागम (4) कौशल आधारित उपागम

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा बुनियादी चरण में कहानी पठन का उद्देश्य ***नहीं*** होना चाहिए ?

(1) प्रत्यक्ष रूप से नैतिक मूल्य बताना
(2) पठन की संस्कृति विकसित करना
(3) शब्द संपदा का संवर्धन करना
(4) पठन कौशलों का संवर्धन करना

***निर्देश :*** *निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं.* ***115*** *से* ***120*** *) में* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही
मानते जो भी हैं सुनते हैं सदा सबकी कही
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही
भूलकर वे दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं
कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं।

**115.** कविता का मुख्य स्वर है :

(1) विषमता (2) श्रृंगार (3) वीरता (4) आशा

**116.** कविता के अनुसार मनुष्य को अपनी मदद :

(1) अपनों से करवानी चाहिए
(2) स्वयं करनी चाहिए
(3) दूसरों के भरोसे छोड़नी चाहिए
(4) स्वयं नहीं करनी चाहिए

**117.** 'वीर मनुष्य कठिन से कठिन कार्य कर सकते हैं।' यह भाव कविता की किस पंक्ति में निहित है ?

(1) मानते जो भी हैं सुनते हैं सदा सबकी कही
(2) भूलकर वे दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं
(3) आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
(4) कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं

**118.** वीर मानव के स्वभाव में सम्मिलित ***नहीं*** है :

(1) सबकी बात ध्यान से सुनना (2) दूसरों के भरोसे न रहना (3) दूसरों को नीचा दिखाना (4) समय पर कार्य करना

**119.** 'मुँह ताकना' मुहावरे का अर्थ है :

(1) दूसरों से मदद की अपेक्षा करना
(2) दूसरों की निंदा करना
(3) दूसरों का मुँह निहारना
(4) दूसरों की प्रशंसा करना

**120.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) कहते
(2) काम
(3) तकते
(4) करते

find my college

## PART V
## LANGUAGE II
## ENGLISH

| IMPORTANT : | Candidates should attempt questions from **Part V (Q. No. 121 to 150)**, only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE II**. |
|---|---|

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**121.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Learners of second language take more time to develop basic interpersonal communicative skills than cognitive academic language proficiency.

**Reason (R) :** Conversational proficiency is more context-embedded than academic proficiency.

(1) (R) is true, but (A) is false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) (A) is true, but (R) is false.

**122.** A reading activity in which learners hear or read different parts of a text, then exchange information with others in order to complete a task, is referred to as :

(1) Dumb charades (2) Running dictation

(3) Running text (4) Jigsaw dictation

**123.** A teacher of class III asks the children to draw a story as she narrates it. Through this activity, which language skill can be assessed ?

(1) Writing Skill (2) Reading Skill

(3) Listening Skill (4) Speaking Skill

**124.** Which of the following is true for emergent literacy ?

(1) Literacy comes as naturally as crawling and jumping.

(2) Literacy begins with writing of alphabets.

(3) Literacy begins with memorizing of rhymes.

(4) Literacy emerges before children are formally taught to read.

**125.** Navomita, a teacher of class II, has maintained a classroom library and she encourages the students to read stories.

This practice should be followed to _____________.

(1) develop a culture of reading

(2) make students memorize more stories

(3) explicitly discuss and memorize moral values of the stories

(4) keep students busy for a long time while the teacher completes her pending work

**126.** The basic premise of Vygotskian principles does ***not*** include :

(1) Zone of proximal development

(2) Assimilation

(3) Enculturation

(4) Scaffolding

find my college

**127.** Which of the following is the characteristic of the learning disorder 'Dysgraphia' ?

(1) Difficulty in learning the names of the letters and sounds of the alphabet

(2) Difficulty forming letter shapes

(3) Delays in speaking and acquiring language

(4) Reversals in writing

**128.** A teacher of class III wants to conduct a pre-writing activity as a part of the writing task assigned to students. Which of the following activity ***cannot*** be conducted as a pre-writing activity ?

(1) Giving reading material related to the topic

(2) Revising the drafts of their partners

(3) Brainstorming ideas, and jotting them on the board

(4) Talking to their partner on ideas related to the topic

**129.** Which of the following is true for nature of reading ?

(1) Children learn to read through involvement in the act of reading.

(2) We need to understand all the words in order to understand the meaning of the text.

(3) Reading is just the ability to decode.

(4) Maturation in sensorimotor skills is assumed to transfer to reading skills.

**130.** Which of the following about language development is supported by Piaget ?

(1) The development of language is a cause, not a consequence of cognitive development.

(2) Certain language concepts must be taught when the child has reached the appropriate stage of cognitive maturity.

(3) Language development is just like habit formation.

(4) Children need to memorize grammatical rules in order to learn a language.

**131.** Read the following statements.

A. Writing experiences promote reading comprehension.

B. Writing helps in developing vocabulary knowledge.

Which of the above statements is/are true for importance of writing in early years ?

(1) Both A and B are true.

(2) Only B is true.

(3) Both A and B are false.

(4) Only A is true.

**132.** Read the following statements :

A. Dialect is a variety of a language, spoken in one part of a country.

B. Languages have written literature but dialects have oral tradition.

Which of these statements is/are linguistically correct about language and dialect ?

(1) Only A is true.

(2) Both A and B are true.

(3) Both A and B are false.

(4) Only B is true.

find my college

**133.** *"Understands and uses new words"* can be a rubric for assessing :

(1) Pronunciation

(2) Vocabulary

(3) Grammar

(4) Fluency

**134.** 'Peer review' is understood as an important strategy for improving students' writing process. The purpose of 'peer review' is to :

(1) offer formative feedback to their peers, which further helps them to improve their drafts.

(2) connect ideas and build paragraphs for writing.

(3) help the teacher in evaluation of writing of students.

(4) encourage in finding faults of their peers.

**135.** The idea that 'The language provides the framework for our thoughts' is supported by :

(1) Jerome Bruner

(2) Sapir-Whorf Hypothesis

(3) Jean Piaget

(4) Noam Chomsky

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos.* ***136*** *to* ***143*** *) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

For a few days, no one knew where Venkatashami had gone. Enquiries revealed that he had run away with the Dombara girl. The leader of the troupe came to the Gowda to express his grief and went back to the camp. There was nothing that anyone could do. Four days later, a Gowda from a village some five miles away was passing this way, and he brought Venkatashami and left him at his parents' house. The boy was burning with fever. It seems the girl was with him when he became ill. She had been taken home by her father and Venkatashami had been brought back seriously ill.

The boy did not recover from that illness. He was a handsome boy with an open face. Dark, yes, but attractive. The black of his skin, that of his eyes, and of his moustache were of three different shades. When he smiled, it was like a flash of lightning among the clouds. His body was so well-built, no hammer could break it. The fever that had caught hold of him seemed unwilling to let go of such a fine physique. They call the fever by the name typhoid now and can diagnose it in no time. But those days, nobody was aware of such things. All they knew was that something was wrong with the tongue. He was given the traditional medicines and kept on a local diet. A fortnight later, Venkatashami passed away. His delirious mind rambled and his talk was all about his meeting with the girl. Whenever he was conscious, he kept asking them to call her. It would have been all right if he had been married to her. His request would have been treated with understanding and sympathy, and she would have been sent for. But does one bring the girl who had led him astray to his bedside in these circumstances ?

find my college

**136.** Where had Venkatashami gone ?

(1) He had gone to the city for work.
(2) He had gone into hiding.
(3) He had gone for higher studies.
(4) He had eloped with a girl.

**137.** When Venkatashami was brought back home, ____________.

(1) he looked weak and emaciated
(2) he looked the same as he had left
(3) he was running high fever
(4) he looked hale and hearty

**138.** What was Venkatashami's attitude towards the girl ?

(1) He deserted her and came home.
(2) He did not care for her.
(3) He was indifferent towards her.
(4) He loved her passionately.

**139.** What was Venkatashami's final fate ?

(1) He died a tragic death.
(2) He suffered from a mysterious illness all his life.
(3) He returned home to live a long life.
(4) He migrated and lived in another city .

**140.** Which of the following statements is True/False ?

A. The family was willing to marry Venkatashami to the Dombara girl.
B. Venkatashami came home on his own accord.

(1) Both A and B are true.
(2) Both A and B are false.
(3) A is true but B is false.
(4) B is true but A is false.

**141.** What literary device has been used in the expression '... like a flash of lightning among the clouds' ?

(1) Hyperbole
(2) Paradox
(3) Parallelism
(4) Simile

**142.** Identify the tense of the given expression : '... led him astray.'

(1) Past Continuous (2) Past Perfect
(3) Simple Present (4) Simple Past

**143.** Choose the word nearest in meaning to 'ramble'.

(1) wander
(2) jump
(3) walk
(4) quieten

find my college

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos.* ***144*** *to* ***150*** *) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

The contacts between India and the western world which Chandragupta Maurya had established continued during the reign of his son, Bindusara. Ambassadors came to the court at Pataliputra from Ptolemy of Egypt and Antiochus, the son and successor of Seleucus Nicator of Western Asia. Ashoka, grandson of Chandragupta, added to these contacts, and India became in his time an important international centre, chiefly because of the rapid spread of Buddhism.

Ashoka succeeded to this great empire in about 273 BC. He had previously served as Viceroy in the North-Western province of which Taxila, the university centre, was the capital. Already the empire included the greater part of India and extended right into Central Asia. Only the South-East and a part of the South were beyond its sway. The old dream of uniting the whole of India under one supreme government fired Ashoka and forthwith he undertook the conquest of Kalinga on the east coast, which corresponds roughly with modern Orissa and part of Andhra. His armies triumphed in spite of the brave and obstinate resistance of the people of Kalinga. There was a terrible slaughter in the war, and when news of this reached Ashoka, he was stricken with remorse and disgusted with war. Unique among the victorious monarchs and captains in history, he decided to abandon warfare in the full tide of victory. The whole of India acknowledged his sway, except for the southern tip, and that tip was his for the taking. But he refrained from any further aggression, and his mind turned, under the influence of the Buddha's gospel, to conquests and adventures in other fields.

**144.** Who was the immediate successor of Chandragupta Maurya ?

(1) Bindusara
(2) Seleucus
(3) Ashoka
(4) Antiochus

**145.** In the Mauryan period, what principal factor led to India opening up to the outside world ?

(1) Intellectual attainments
(2) Spread of Buddhism
(3) Exports of other countries
(4) Ambassadors of many countries coming to India

**146.** Before Ashoka, the Mauryan empire excluded ___________.

(1) the South-East and a part of the South
(2) the North
(3) the North-West
(4) the East

**147.** Which of the following statements is True/False ?

A. After the Kalinga war, Ashoka became a pacifist.
B. Ashoka established his sway over the whole of India.

(1) Both A and B are true.
(2) Both A and B are false.
(3) A is true, but B is false.
(4) B is true, but A is false.

**148.** What does the underlined idiom in the expression '... that tip was his for the taking' mean ?

(1) available for taking
(2) difficult to get
(3) to take at face value
(4) to take for granted

**149.** Identify the Part of Speech of the underlined word in the expression 'terrible slaughter'.

(1) Adverb (2) Noun (3) Verb (4) Adjective

**150.** Choose the word nearest in meaning to 'refrained'.

(1) agreed (2) confined (3) stopped (4) found

find my college

**भाग V**

**भाषा II**

**हिंदी**

| **महत्त्वपूर्ण :** | परीक्षार्थी **भाग V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो। |
|---|---|

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**121.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** द्वितीय भाषा के शिक्षार्थी संज्ञानात्मक अकादमिक भाषा निपुणता की तुलना में बुनियादी अंत:वैयक्तिक सम्प्रेषणात्मक कौशल विकसित करने में अधिक समय लेते हैं।

**कारण (R) :** संवादात्मक निपुणता अकादमिक निपुणता की तुलना में अधिक संदर्भ-आधारित है।

(1) (R) सही है, लेकिन (A) ग़लत है।

(2) A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**122.** पठन की ऐसी गतिविधि जिसमें शिक्षार्थी किसी पाठ्य-सामग्री के विभिन्न भागों को सुनते या पढ़ते हैं, उसके बाद कार्य को पूरा करने के लिए एक दूसरे के साथ जानकारी साझा करते हैं, इसे किस रूप में जाना जाएगा ?

(1) मूक अभिनय (डम्ब शराड) (2) जारी (रनिंग) श्रुतलेख (3) जारी (रनिंग) पाठ्य-सामग्री (4) जिगसॉ श्रुतलेख

**123.** कक्षा III की अध्यापिका अपने बच्चों को कहती है कि मैं आपको एक कहानी सुना रही हूँ, आप इस पर आधारित चित्र बनाएँ। इस गतिविधि के माध्यम से किस भाषा कौशल का आकलन किया जा सकता है ?

(1) लेखन कौशल (2) पठन कौशल (3) श्रवण कौशल (4) बोलने का कौशल

**124.** उद्गामी साक्षरता के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) साक्षरता घुटने चलने (क्रालिंग) और कूदने के समान स्वाभाविक रूप से आरंभ होती है।

(2) साक्षरता अक्षरों को लिखने के साथ आरंभ होती है।

(3) साक्षरता शिशु गीतों को कंठस्थ करने के साथ आरंभ होती है।

(4) साक्षरता बच्चों को औपचारिक रूप से पठन सिखाने से पहले आरंभ हो जाती है।

**125.** कक्षा II की अध्यापिका नवोमिता ने कक्षा पुस्तकालय का बहुत अच्छी तरह से प्रबंध किया है और वह विद्यार्थियों को कहानियाँ पढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

इस अभ्यास के साथ और किसका अनुपालन होना चाहिए ?

(1) पठन की संस्कृति का विकास करना।

(2) विद्यार्थियों को और अधिक कहानियाँ कंठस्थ करने के लिए कहना चाहिए।

(3) कहानियों में निहित नैतिक मूल्यों पर प्रत्यक्ष रूप से चर्चा करना और उन्हें कंठस्थ करना।

(4) विद्यार्थियों को लंबे समय तक व्यस्त रखना चाहिए, जिससे कि अध्यापक अपने लंबित कार्य को पूरा कर सके।

find my college

**126.** वायगोत्सकी के सिद्धान्तों के मूल आधारवाक्य में क्या शामिल ***नहीं*** है ?

(1) निकटस्थ विकास का क्षेत्र

(2) आत्मसात्करण (एसीमिलेशन)

(3) सांस्कृतिकरण (एनकल्चरेशन)

(4) सहारा देना (स्काफोल्डिंग)

**127.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'डिस्ग्राफिया (लेखन वैकल्य)' का लक्षण है ?

(1) अक्षरों के नाम और वर्णमाला की ध्वनियों को सीखने में कठिनाई

(2) अक्षरों की आकृति बनाने में कठिनाई

(3) वाचन और भाषा अर्जन में विलम्ब

(4) लेखन में उलटाव (रिवर्सल)

**128.** कक्षा III की अध्यापिका विद्यार्थियों को दिए गए लेखन कार्य के रूप में पूर्व-लेखन गतिविधि आयोजित करना चाहती है। निम्नलिखित में से किस गतिविधि को पूर्व-लेखन गतिविधि के रूप में आयोजित ***नहीं*** किया जा सकता ?

(1) टॉपिक से संबंधित पठन सामग्री देना

(2) अपने सहपाठी के प्रारूप को संशोधित करना

(3) विचार बिंदुओं पर मानस मंथन करना और बिन्दुओं को बोर्ड पर लिखना

(4) टॉपिक से संबंधित विचार बिन्दुओं पर अपने सहपाठी से बात करना

**129.** पठन की प्रकृति के बारे में कौन-सा सही है ?

(1) बच्चे पठन की क्रिया में संलग्न होकर पठन सीखते हैं।

(2) पाठ्य-सामग्री के अर्थ को समझने के लिए सभी शब्दों को समझने की आवश्यकता है।

(3) पठन केवल डिकोड करने की योग्यता भर है।

(4) संवेदी-गत्यात्मक कौशलों में परिपक्वता को पठन कौशलों में अंतरण के रूप में पूर्वानुमानित किया जाता है।

**130.** भाषा विकास के बारे में किस कथन को पियाज़े का समर्थन मिला है ?

(1) भाषा का विकास संज्ञानात्मक विकास का कारण है न कि परिणाम।

(2) कुछ भाषायी अवधारणाओं को तभी सिखाना चाहिए, जब बच्चे संज्ञानात्मक परिपक्वता की उपयुक्त अवस्था में पहुँच जाए।

(3) भाषा विकास आदत निर्माण के समान ही है।

(4) बच्चों को भाषा सीखने के लिए व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करने की ज़रूरत है।

find my college

**131.** निम्नलिखित कथन पढ़िए :

A. लेखन अनुभव पठन बोध को समुन्नत करते हैं।

B. लेखन शब्द संपदा के ज्ञान को विकसित करने में मदद करते हैं।

शुरूआती वर्षों में लेखन के महत्त्व के बारे में कौन-से कथन सही हैं ?

(1) A और B दोनों सही हैं।
(2) केवल B सही है।
(3) A और B दोनों ही ग़लत हैं।
(4) केवल A सही है।

**132.** निम्नलिखित कथन पढ़िए :

A. बोली किसी देश के एक हिस्से में बोली जा रही भाषा का प्रकार है।

B. भाषा में लिखित साहित्य उपलब्ध है, लेकिन बोली की वाचिक परम्परा है।

भाषा और बोली के बारे में भाषिक रूप से कौन-सा कथन सही हैं ?

(1) केवल A सही है।
(2) A और B दोनों सही हैं।
(3) A और B दोनों ही ग़लत हैं।
(4) केवल B सही है।

**133.** *'नए शब्द समझते हैं और प्रयोग में लाते हैं'* यह किसके आकलन का रूबरिक है ?

(1) उच्चारण
(2) शब्द संपदा
(3) व्याकरण
(4) प्रवाह

**134.** 'सहपाठी समीक्षा' को विद्यार्थियों की लेखन प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण युक्ति माना जाता है। 'सहपाठी समीक्षा' का क्या उद्देश्य है ?

(1) अपने सहपाठियों को रचनात्मक पृष्ठपोषण देना, जिसके माध्यम से उन्हें अपने प्रारूप में सुधार लाने के लिए मदद मिलेगी।
(2) विचारों को सम्बद्ध करना और लेखन हेतु अनुच्छेद तैयार करना।
(3) विद्यार्थियों के लेखन के मूल्यांकन में अध्यापक की मदद करना।
(4) अपने सहपाठियों की गलतियों को निकालने के लिए प्रोत्साहित करना।

**135.** यह विचार कि 'भाषा हमारे विचारों को ढाँचा प्रदान करती है' किसके द्वारा समर्थित है ?

(1) जिरोम ब्रूनर
(2) सपिर-वॉर्फ परिकल्पना
(3) जीन पियाज़े
(4) नॉम चॉमस्की

***निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 136 से 143 ) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

वे लोग आधुनिक भारत के नए शरणार्थी हैं, जिन्हें औद्योगीकरण के झंझावात ने अपनी घर-ज़मीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है। प्रकृति और इतिहास के बीच यह गहरा अंतर है। बाढ़ या भूकंप के कारण लोग अपना घर-बार छोड़कर कुछ अरसे के लिए ज़रूर बाहर चले जाते हैं, किंतु आफ़त टलते ही वे दोबारा अपने जाने-पहचाने परिवेश में लौट भी आते हैं। किंतु विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को उन्मूलित करता है, तो वे फिर कभी अपने घर वापस नहीं लौट सकते।

find my college

**136.** भारत के नए शरणार्थी कौन हैं ?

(1) बाढ़ के कारण विस्थापित लोग
(2) अकाल के कारण विस्थापित लोग
(3) औद्योगीकरण के कारण विस्थापित लोग
(4) भूकंप के कारण विस्थापित लोग

**137.** 'औद्योगीकरण के झंझावात ने अपनी घर-ज़मीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है।' वाक्य से आशय है :

(1) औद्योगीकरण के कारण अपने घर छोड़ने की विवशता
(2) आँधी-तूफ़ान के कारण घर छोड़ने की विवशता
(3) निर्वासित होने के दुख को झेलने की विवशता
(4) घर-ज़मीन बेचकर पैसा कमाने में लगे रहना

**138.** गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) उद्योग-धंधों के कारण हुआ विस्थापन अस्थायी होता है।
(2) प्रकृति के कारण हुआ विस्थापन स्थायी होता है।
(3) उद्योगों के कारण हुआ विस्थापन स्थायी होता है।
(4) प्रकृति लोगों को विस्थापित नहीं करती है।

**139.** 'औद्योगीकरण के झंझावात ने अपनी घर-ज़मीन से निर्वासित कर दिया है।' वाक्य में रेखांकित शब्द से आशय है :

(1) झमेले (2) तूफ़ान (3) झंझट (4) झंकार

**140.** गद्यांश के अनुसार __________, __________ और __________ लोगों के विस्थापन के लिए उत्तरदायी हैं।

(1) बाढ़, भूकंप, प्रकृति
(2) बाढ़, भूकंप, उद्योग
(3) बाढ़, भूकंप, रोजगार
(4) प्रकृति, उद्योग, शरणार्थी

**141.** समूह से भिन्न शब्द-युग्म है :

(1) घर-ज़मीन (2) उद्योग-धंधे (3) जाने-पहचाने (4) गाँव-शहर

**142.** 'घर' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है :

(1) निकेत (2) आलय (3) भुवन (4) गेह

**143.** विशेषण-विशेष्य का उदाहरण ***नहीं*** है :

(1) नए शरणार्थी
(2) आधुनिक भारत
(3) जाने-पहचाने परिवेश
(4) घर-बार

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 144 से 150 ) में* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

जब हम आध्यात्मिक चेतना से जुड़ते हैं, तब हमारे अंदर एक बहुत बड़ा बदलाव आता है। हम दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान के साथ व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। हमारा अहंकार कम हो जाता है और हम महसूस करते हैं कि आत्मा के स्तर पर हम सभी एकसमान हैं। हम सबसे प्यार करने लग जाते हैं। हम दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं जैसा हम चाहते हैं कि लोग हमारे साथ करें। जब हम अपना द्वैत भाव खो देते हैं, तो हम परमात्मा के साथ एक हो जाते हैं। हम अनुभव करते हैं कि केवल एक ही परमात्मा है जो कई हिस्सों में विभाजित है।

यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने अंदर इस अनुभूति को प्राप्त कर लेता है कि एक जमा एक बराबर एक होता है, तो यह दुनिया एक दिन शांति और प्रेम का स्थल बन जाएगी।

find my college

**144.** आध्यात्मिक चेतना से जुड़ने पर मनुष्य दूसरों से व्यवहार करता है :

(1) प्रेम और आदर का

(2) प्रेम और समानता का

(3) प्रेम और स्नेह का

(4) प्रेम और विद्वेष का

**145.** 'जब हमारा अहंकार कम हो जाता है और हम महसूस करते हैं कि आत्मा के स्तर पर हम सभी एकसमान हैं।' वाक्य से आशय है :

(1) सभी व्यक्तियों में अहंकार होता है और वे सभी को एकसमान समझने लगते हैं।

(2) व्यक्ति अहंकारयुक्त होने पर सभी को एकसमान समझने लगता है।

(3) व्यक्ति अहंकारमुक्त होने पर सभी को एकसमान समझने लगता है।

(4) व्यक्ति अहंकारवश स्वयं को दूसरों से अलग समझता है।

**146.** 'यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने अंदर इस अनुभूति को प्राप्त कर लेता है कि एक जमा एक बराबर एक होता है, तो यह दुनिया एक दिन शांति और प्रेम का स्थल बन जाएगी।'

इससे आप क्या समझते हैं ?

(1) एक में एक मिलाने पर एक ही बनता है।

(2) मनुष्य में द्वैत भाव की समाप्ति पर ही प्रेम और शांति की स्थापना संभव है।

(3) एक में एक मिलाने पर दो बनते हैं।

(4) एक में एक मिलाने पर शांति प्राप्त होती है।

**147.** 'द्वैत भाव खो देना' से आशय है :

(1) अपने पराए का भेद न कर पाना

(2) अहं को त्यागना

(3) वैर भाव मिट जाना

(4) स्वयं और परमात्मा का भेद मिटना

**148.** 'चेतना' का विलोम शब्द है :

(1) चैतन्य

(2) जड़ता

(3) जड़

(4) निर्जीव

**149.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) अनुसार (2) अनुभव (3) अनुमति (4) अनुभूति

**150.** 'सम्मान' का विलोम शब्द है :

(1) निरादर

(2) सम्मानित

(3) असमान

(4) असम्मान

find my college

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the OMR Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the OMR Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and OMR Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and OMR Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/OMR Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their OMR Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the OMR Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and OMR Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस OMR उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक OMR उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं OMR उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं OMR उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/OMR उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना OMR उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने OMR उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा-हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***